**M.A.(PART-I)**

**HINDI**

**Modern Prose**

**(PAPER – I) (DEC - 2017)**

QP CODE : 26535

(समय: ३ घंटे ) कुल अंक : १००

सूचना : (१) **प्रथम** एवं **अंतिम** प्रश्न **अनिवार्य** है।

(२) शेष प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर लिखिए।

१. निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्हीं चार** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। ४०

(अ) ''कविता करना अनन्त पुण्य का फल है। इस दुराशा और अनन्त उत्कण्ठा से कृषी-जीवन व्यतीत करने की इच्छा हुई। संसार के समस्त अभावों की असंतोष कहकर हृदय को धोखा देता रहा।''

(आ) ''शास्त्रों मे कहा गया है कि जिस राजा को पुत्र लाभ नहीं होता, वह राजा,रंक के समान है। वह राजा इहलोक और पदलोक दोनों खो बैठता हैं। ''

(इ) ''किसान पक्का स्वार्थी होता है, इसमें संदेह नहीं है। उसकी गाँठ से रिश्वत के पैसे बड़ी मुश्किल से निकलते हैं, भाव ताव में भी वह चौकस होता है।''

(ई) ''भरथरी जैसा राजा हमारे यहाँ दीया लेकर ढूँढने से भी नहीं मिलेगा एकदम से भोगविलास से वैराग्य पर उतरे थे वें। राज-पाट धन-दौलत ही नहीं छोड़ा, खुद के चित को भी इतना डीक्लास इतना निर्मल किया....।''

(उ) ''मुझे यहाँ सदिया हो गई है। वन होता तो दिखता अवश्य। फिर आप हो तब कोई और क्या होगा पर वे दो शाखापर चलने वाले जीव जो आदमी होते हैं.... मेरी छाँह में बैठकर उस वन की बात कर रहे थे।''

(ऊ) ''महावीर हनुमान जी, यह रणक्षेत्र नहीं है। यह अदालत है। अदालत और वकील के सामने बड़े-बड़े बलशाली केंचुए हो जाते हैं। अब कठघरे में सीधे खड़े हो जाओ और सवालों का जवाब दो।'

२. नाट्यतत्वों के आधार पर 'स्कन्दगुप्त' नाटक की समीक्षा कीजिए। १०

३. 'माधवी' नाटक के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। १०

४. 'गोदान' के पात्र गोबर के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालिए। १०

५. 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास के पात्र 'काली' का चरित्र-चित्रण कीजिए। १०

६. 'निंदा रस' निबंध के व्यंग को स्पष्ट कीजिए। १०

७. 'ईदगाह' कहानी के महत्व को स्पष्ट कीजिए। १०

[TURN OVER

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए– १०

(१) माधवी नाटक का सबसे पहला प्रदर्शन किस नाट्य संस्था ने किया?

(२) गालव कितनी विद्याओं में पारंगत था?

(३) होरी के गाँव का क्या नाम है?

(४) वैष्णव ने प्रभू का आदेश मान कर क्या बनवाया?

(५) 'कालिदास' (मातृगुप्त) पर किस प्रदेश के शासन की जिम्मेदारी सौंप दी थी?

(६) 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास में किस जनजाति का वर्णन किया गया है?

(७) होरी गाय किससे खरीदी करता है?

(८) हरिशंकर परसाई जी के अनुसार 'मन' के दिवानजी कौन होते हैं?

(९) 'उसने कहा था' किस पृष्ठभूमि पर आधारित है?

(१०) 'कालिदास' के दो ग्रंथो के नाम लिखिए।

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए– १०

(१) जयशंकर प्रसाद का नाटक नहीं है–

(अ) विशाख (ब) जय–पराजय

(क) ध्रुवस्वामिनी (ड) राजश्री

(२) लहनासिंह किसको दिए वचन का निर्वाह करता है?

(अ) पत्नी (ब) फिरंगी मेम

(क) सुबेदारनी (ड) इनमें से कोई नहीं

(३) महाराज ययाती गालव को दान के रुप में क्या देते हैं ?

(अ) राजमहल (ब) आधा राज्य

(क) एक हजार घोड़े (ड) माधवी

(४) गोबर की पत्नी का नाम है–

(अ) धनिया (ब) कनिया

(क) झुनिया (ड) मारिया

(५) 'मक्रिल' किसका नाम है?

(अ) पेड़ (ब) पर्वत

(क) प्राणी (ड) नदी

(६) 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास का केंद्रिय विषय क्या है?

(अ) कालाबाजारी (ब) अपराध और अपराध का उन्मुलन

(क) भ्रष्टाचार (ड) शिक्षा का प्रचार

(७) 'बेईमानी की परत' निबंध के अनुसार इस देश की मशीनें क्या करना सीख गई है?

(अ) चोरी (ब) चापलूसी

(क) बेईमानी (ड) हड़ताल

(८) 'गोदान' के रूप में धनिया क्या दान देती है?

(अ) गाय (ब) चार आने

(क) बीस आने (ड) सोलह आने

(९) चंद्रगुप्त के पिता का नाम क्या है–

(अ) कुमारगुप्त (ब) गोविंदगुप्त

(क) समुद्रगुप्त (ड) पुरमगुप्त

(१०) जैनेंद्र की 'तत्सत्' कहानी किस मनोवृत्ति का प्रतीक है?

(अ) दार्शनिक (ब) अध्यात्मिक

(क) मार्क्सवादी (ड) इनमें से कोई नहीं

-------------------------------

**M.A.(PART-I)**

**HINDI**

**History of Hindi Literature**

**(PAPER – III) (DEC - 2017)**

**Q.P. Code :26969**

**[समय: ३ घंटे]** **[कुल अंक: १००]**

Please check whether you have got the right question paper.

**सूचना:** **१) आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है |**

**२) शेष प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

प्र. १) इतिहास-दृष्टि एवं साहित्य इतिहास लेखन की परंपरा को विवेचित कीजिए | **(१६)**

प्र. २) सिद्ध और जैन साहित्य की विशेषताएँ लिखिए | **(१६)**

प्र. ३) संत काव्य धारा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

प्र. ४) रीति मुक्त काव्य की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए | **(१६)**

प्र. ५) भारतेन्दु काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

प्र. ६) द्विवेदी युगीन काव्य की प्रवृतियों को स्पष्ट कीजिए | **(१६)**

प्र. ७) हिन्दी कहानी की विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

प्र. ८) अ) निम्नलिखित विषयों में से **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए | **(१०)**

क) रासो साहित्य
ख) राम काव्य
ग) नई कविता
घ) हिन्दी नाटक का विकासक्रम

ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | **(०५)**

१) 'पउमचरिउ' किसकी रचना है ?
२) सिद्धो की संख्या कितनी बताई जाती है?
३) 'बीजक' किसकी वाणी संग्रह है?
४) 'गोदान' उपन्यास के लेखक कौन है ?
५) 'भारत दुर्दशा' किसकी नाट्य रचना है ?

क) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (०५)

अ) राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार हिंदी के पहले कवि कौन हैं ?
१) देवसेन
२) शालिभद्र सुरि
३) सरहपा
४) चंद

ब) 'सुजान विनोद' किसकी रचना है?
१) देव
२) चिंतामणि
३) पद्माकर
४) घनानंद

क) इनमे में से कौन छायावाद के कवि नहीं है ?
१) जय शंकर प्रसाद
२) महादेवी वर्मा
३) सुमित्रा नंदनपंत
४) भूषण

ड) 'कफ़न' कहानी किसने लिखी है?
१) यशपाल
२) अमृतलाल नागर
३) प्रेमचंद
४) फणीश्वरनाथन रेणु

ई) इनमें में से कौन भारतेन्दुकालीन निबंधकार नहीं है?
१) बालकृष्ण भट्ट
२) प्रतापनारायण मिश्र
३) रामविलास शर्मा
४) बालमुकुंद गुप्त

************

**M.A.(PART-I)**

**HINDI**

**Old & Medieval Poetry**

**(PAPER – V) *(DEC - 2017)***

**Q.P. Code : 26971**

**[समय: ३ घंटे]** **[ कुल अंक:१००]**

Please check whether you have got the right question paper.

सूचना: 1. पहला एवं आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है |

2. शेष प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर लिखिए |

प्रश्न १ निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही चार की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए - (४०)

क) कि आरे ! नव जौवन अभिरामा |
जत देखल तत कहए न पारिअ,
छओ अनुपम एक ठामा ||
हरिन इन्दु अरबिन्द करिनि हिम,
पिक बूझल अनुमानी |
नयन बदन परिमल गति तन रूचि,
अओ अति सुललित बानी ||

ख) अवधू माया तजी न आई |
गिरह तज के बिस्तर बाँधा, बस्तर तज के फेरी
काम तजे ते क्रोध न जाई, क्रोध तजे ते लोभा |
लोभ तजे अंहकार न जाई, मान बड़ाई सोभा ||
मन बैरागी माया त्यागी, शब्द में सुरत समाई |
कहै कबीर सुनो भाई साधो, यह गम विरले पाई ||

ग) सरवर तीर पदमिनी आई | खोंपा द्दोरी केस मुकलाई ||
ससिमुख, अंग मलयगिरी बासा | नागिन झाँपि लीन्ह चंहुँ पासा ||
ओनई घटा परी जग छांहाँ | ससि कै सरन लीन्ह जनु राहाँ ||
छपि गै दिनहिं भानु कै दसा | लेइ निसि नखत चाँद परगसा ||
भूलि चकोर दीठि मुख लावा | मेघघटा महँ चंद देखावा ||

घ) गोकुल सबै गोपाल - उदासी |
जोग - अंग साधत जे ऊधो ते सब बसत ईसपुर कासी ||
यद्दपि हरि हम तजि अनाथ करि तदपि रहति चखनि रसरासे |
अपनी सीतलताहि न छाँडत यद्दपि है ससि राहु - गरासी ||
का अपराध जोग लिखि पठवत प्रेम भजन तजि करत उदासी ||
सूरदास ऐसी को बिरहिन माँ गति मुक्ति तजे गुनरासी ||

च) प्रातकाल सरऊ करि मज्जन | बैठहिं सभाँ संग व्दिज सज्जन ||
वेद पुरान बसिष्ट बखानहिं | सुनहिं राम जद्दपि सब जानहिं ||
अनुजन्ह संजुत भोजन करहिं | देखि सकल जननी सुख भरहीं ||
भरत सत्रुहन दोनउ भाई | सहित पवनसुत उपवन जाई ||

छ) कागद पर लिखत न बनत, कहत सँदेसु लजात |
कहिहै सबु तेरौ हियौ मेरे हिय की बात ||
कौन सुनै कासौं कहौं, सुरति बिसारी नाह |
बदाबदी ज्यौ लेत हैंए बदरा बदराह ||

प्र. २ विद्यापति पदावली में विरह वेदना की सार्थक अभिव्यक्ति हुई है - स्पष्ट कीजिए| (१०)

प्र. ३ कबीर की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए | (१०)

प्र. ४ 'पदमावत में नागमती का विरह वर्णन अत्यंत मार्मिक एवं ह्रदयग्राही है |' कथन की समीक्षा कीजिए | (१०)

प्र. ५ 'सूरदास का भ्रमरगीत सार' सगुणोपासना पर विशेष बल देता है| ' इस कथन की समीक्षा कीजिए | (१०)

प्र. ६ 'उत्तर काण्ड' के आधार पर तुलसी के अध्यात्मिक चिंतन पर प्रकाश डालिए | (10)

प्र. ७ सौन्दर्यानुभूति की सूक्ष्म अभिव्यक्ति में बिहारी का स्थान अप्रतिम है | इस कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए | (10)

प्र. ८ अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | (१०)

i) आदिकाल का मैथिल कोकिल किसे कहा गया है ?
ii) देवी वंदना के पद में विद्यापति ने किस देवी की वंदना की है ?
iii) कबीर का जन्म कहाँ हुआ था ?
iv) कबीर किस धारा के प्रवर्तक माने जाते है ?
v) 'नागमती विरह वर्णन' में किस पद्धति कों अपनाया गया है ?
vi) पदमावत में मन का प्रतीक कौन है ?
vii) कृष्ण ने उद्दव को किसके पास भेजा ?
viii) भ्रमरगीत सार में वर्णित कुब्जा कौन है ?
ix) तुलसीदास के गुरु कौन थे ?
x) 'गागर में सागर भरने वाला' कवि किसे कहा जाता है ?

आ) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (१०)

१) विद्यापति किसकी उपासना करते थे ?

अ) शिव आ) ब्रम्हा इ) विष्णु ई) राम

२) विद्यापति की पदावली किस भाषा में लिखी गई है ?

अ) ब्रज आ) अवधी इ) मैथिली ई) अपभ्रंश

३) कबीर की रचनाओं का प्रमाणिक संग्रह है-

अ) अखरावट आ) कीर्तिपताका इ) मृगावत ई) बीजक

४) पदमावत में शैतान की भूमिका में कौन सा पात्र है ?

अ) हीरामन आ) राघव चेतन इ) नागमती ई) अलाउद्दीन

५) जायसी कवि है -

अ) रामकाव्य के आ) कृष्ण काव्य के इ) संत काव्य के ई) सूफी काव्य के

६) उद्धव ने किसकी खेप लादकर ब्रज में लाकर उतारी ?

अ) कृष्ण संदेश की आ) प्रेम की इ) ज्ञान योग की ई) कृष्ण स्मृतियों की

७) वल्लभाचार्य के संपर्क में आने से पूर्व सूरदास किस भाव की भक्ति करते थे ?

अ) वात्सल्य भाव आ) माधुर्य भाव इ) सख्य भाव ई) दास्य भाव

८) इनमे से कौन सी रचना तुलसीदास की नहीं है ?

अ) कवितावली आ) विनयपत्रिका इ) गीतावली ई) राम भजन मंजरी

९) 'रामराज्य का वर्णन' रामचरित मानस के किस काण्ड में है?

अ) अयोध्या काण्ड आ) सुन्दर काण्ड इ) उत्तरकाण्ड ई) अरण्य काण्ड

१०) 'बिहारी सतसई' का छंद है ?

अ) रोला आ) दोहा इ) बरवै ई) चौपाई

************

**M.A.(PART-I)**

**HINDI**

**Functional Hindi**

**(PAPER – VII)** ***(DEC - 2017)***

**Q.P. Code : 26537**

[समय: तीन घंटे] [ कुल अंक:१००]

Please check whether you have got the right question paper.

सुचना: 1. प्रथम सात प्रश्नों में से किन्ही पाच प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

2. आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है |

**प्र. १** प्रयोजनमूलक हिन्दी की अवधारणा एवं स्वरुप पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

**प्र. २** भारतीय संविधान में भाषा संबंधी उपबन्धों पर विस्तार से चर्चा कीजिए | **(१६)**

**प्र. ३** राजभाषा नीति संबंधी सरकारी संकल्प पर विचार कीजिए | **(१६)**

**प्र. ४** विदेशों में हिन्दी पत्रकारिता के विकास पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

**प्र. ५** सुचना प्रौद्योगिकी के युग में हिन्दी के बदलते स्वरुप पर चर्चा कीजिए | **(१६)**

**प्र. ६** विज्ञापन और बाजार के अंर्तसंबंधों पर प्रकाश डालते हुए विज्ञापन के महत्त्व को सिद्ध कीजिए | **(१६)**

**प्र. ७** अनुवाद की मूलभूत समस्याओं पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

**प्र. ८** अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | **(१०)**

१) राजभाषा आयोग की स्थापना का अधिकार किसे दिया गया था?

२) प्रयोग या रूप की दृष्टि से हिन्दी किस भाषा का शब्द है ?

३) संसदीय राजभाषा समिति की पहली बैठक कब हुई?

४) संविधान के किस भाग में राजभाषा संबंधी प्रावधान है?

५) हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग की स्थापना किसके प्रेरणा और सुझाव से हुई?

६) फोर्ट विलिमय कालेज की स्थापना कब हुई?

७) शब्दानुवाद से क्या तात्पर्य है ?

८) विज्ञापन में सर्वाधिक किसका ध्यान रखा जाता है?

९) हंस पत्रिका का सम्पादक कौन है ?

१०) भारत में टेलीविजन की शुरवात प्रायोगिक तौर पर कब हुई ?

ब) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(१०)**

१) राष्ट्रपति के किस आदेशानुसार वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना की गई ?

क) २७ अप्रैल १९६० ख) २६ मई १९६० ग) २७ जून १९६० घ) १५ नवम्बर १९६०

२) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का मुख्य कार्यालय कहाँ पर स्थित है |

क) वर्धा ख) नागपुर ग) वाराणसी घ) हैदराबाद

३) स्वतंत्र रूप से राजभाषा विभाग की स्थापना कब हुई ?

क) २६ जून १९७५ ख) ३० जून १९७७ ग) १५ अगस्त १९७८ घ) २६ जनवरी १९८०

४) संसदीय राजभाषा समिति की पहली बैठक किसकी अध्यक्षता में हुई ?

क) गोविन्द वल्लभ पन्त ख) सुमित्रा नन्दन पन्त

ग) सरदार वल्लभ भाई पटेल घ) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

५) काशी नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना कब हुई ?

क) १८९३ ख) १९०५ ग) १९३६ घ) १९७५

६) राजभाषा की दृष्टि से महाराष्ट्र किस वर्ग का राज्य है ?

क) क ख) ख ग) ग घ) घ

७) 'दक्षिण भारत प्रचार सभा' नाम कब रखा गया ?

क) १९२७ ख) १९३६ ग) १९४२ घ) १९४७

८) हिन्दी का प्रथम समाचार पत्र कौन-सा है ?

क) हरिजन ख) उदन्त मार्तण्ड ग) नई दुनियाँ घ) दैनिक भाष्कर

९) अनुवाद के क्षेत्र में भाषा संरचना के जनक कौन थे ?

क) नाइडा ख) बाथगेट ग) कैटफार्ड घ) कासाग्रांदे

१०) विज्ञापन का मूलभूत कार्य है-

क) मनोरंजन करना ख) राष्ट्रहित ग) ज्ञान संवर्धन घ) उत्पादन-हित

**************